बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड

5, विद्यापति मार्ग, पटना – 800001

वर्ग फौकानिया एवं मौलवी परीक्षा 2025 का पंजीयन प्रारंभ – अब्दुस सलाम अंसारी।

19 जून, 2024 (प्रेस विज्ञप्ति)

अब्दुस सलाम अंसारी, सचिव, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी संबद्ध मदरसों के प्राचार्य/प्रधान मौलवीओं/छात्र – छात्राओं एवं अभिभावकगण को सूचित किया है की वर्ग फौकानिया एवं मौलवी परीक्षा 2025 की तैयारी शुरू कर दी गयी है।

इस संबंध में सभी प्रधान मौलवी, छात्र–छात्राओं एवं अभिभावकगण पंजीयन एवं परीक्षा फार्म भरने की तिथि को ध्यान में रखते हुए परीक्षा के आयोजन से संबंधित आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दें। रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरने की प्रक्रिया विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी Madrasa Dashboard के माध्यम से की जायेगा, जिसमें प्रधान मौलवीओं/प्रभारी प्रधान मौलवीओं को विगत वर्ष उपलब्ध कराये गए User ID हीं प्रयोग होगें। साथ ही उन्होंने बताया है की विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी प्रति अभ्यर्थी 200 रूपये ही निधार्रित की गयी है। रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरने से संबंधी सारी जानकारी कार्यालय के वेबसाइट bsmeb.org पर उपलब्ध करा दी जाएगी।

वर्ग फौकानिया एवं मौलवी की परीक्षा 2025 में शामिल होने वाले छात्र एवं छात्राओं का सबसे पहले ऑनलाइन पंजीयन कराया जायेगा, जिसकी तिथि 26 जून, 2024 से 20 जुलाई, 2024 तक रहेगी।

ऑनलाइन पंजीयन फॉर्म में सभी तरह की सहायता के लिए कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर – 7033438555 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

19/6/2024

(अब्दुस सलाम अंसारी)
सचिव
बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना।